विद्युत संयंत्रों के पी०एल०एफ०

2863. **श्री विनोद शर्मा :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में विद्युत उत्पादन में संलग्न एककों के लिए वर्ष 1990–91 हेतु प्लांट लोड फैक्टर की दर 56% निर्धारित की गई थी ;

(ख) क्या यह सच है कि राजाध्यक्ष समिति ने यह सिफारिश की थी कि प्लांट लोड फैक्टर की दर 58% निर्धारित की जानी चाहिये ;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश में विद्युत उत्पादक एककों द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सका था ; और

(घ) यदि हां, तो लक्ष्यों को प्राप्त न कर पाने के कारण देश को विद्युत की कितनी हानि उठानी पड़ी ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) से (घ) ताप विद्युत केन्द्रों हेतु 1990–91 के दौरान की अवधि के लिए अखिल भारत आधार पर औसत संयंत्र भार अनुपात का लक्ष्य 55.1% निर्धारित किया गया था । इसकी अपेक्षा वास्तविक उपलब्धि की मात्रा 55.3% थी ।

विद्युत संबंधी राजाध्यक्ष समिति ने यह सिफारिश की है कि किसी भी प्रणाली के लिए 58% का संयंत्र भार अनुपात एक मानक अनुपात के रूप में माना जाना चाहिये ।

1990–91 के दौरान हुई हानि की मात्रा/विभिन्न स्रोतों से अधिशेष विद्युत उत्पादन का ब्यौरा निम्नवत है :—

विद्युत उत्पादन (मिलियन यूनिट में)

स्वरूप	लक्ष्य	वास्तविक	कमी(–) अधिशेष(+)
ताप विद्युत	201400	186452	(–) 14948
न्यूक्लीय विद्युत	6850	644	(–) 606
जल विद्युत	63000	71535	(+) 8535
जोड़	271250	264231	(–) 7019

Allocation of power to States

2864. SHRI RAMDAS AGARWAL; Will the Minister of POWER be pleased to state;

(a) whether it is a fact that with the present criteria for allocation of power to the States from the Central Genera ting Power Stations some of the surplus States in the country are getting higher allocation and State like Rajasthan which is a deficit State, is anticipating shortfall in demand as compared to sup ply/allocation of power in 1992-93;

(b) whether It is a fact that while earlier allocation-of power from Singrauli, STPS used to be 15 per cent but now, in the subsequent projects, namely Riband, Narora, Anta and Ahraiya, etc this has been reduced to 9.5 per cent in Rajasthan State; and

(c) if so, whether Government propose to review the criteria for allocation of the Power to the States from Central Generating Power Stations, if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER (SHRI KALP NATH RAI); (a) and (b) Power from Central Sector generation projects in